02-May -RAIGARH-Bhoomi-pg-01_Layout 1  5/2/2025  9:20 PM  Page 1

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 3 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

4 रेलवे स्टेशन के क्षेत्र में ठेकेदार के गुर्गे कर रहे अवैध वसूली





## खबर संक्षेप



### स्थलों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शहर के लिए प्रस्तावित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि चिन्हांकन के लिए स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम व प्रोबेशनर आईएफएस नवीन कुमार भी साथ रहे। कलेक्टर चतुर्वेदी ने रायगढ़ में खुलने जा रहे संगीत महाविद्यालय और प्रयास विद्यालय के लिए स्थल निरीक्षण हेतु अमलीभौना पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम रायगढ़ से चिन्हांकित जमीन के बारे में आवश्यक जानकारी ली। जिसके पश्चात कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने केलो डैम और टीपाखोल के निरीक्षण में पहुंचे यहां टूरिज्म डिपार्टमेंट द्वारा पर्यटन सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जा रही कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि रायपुर से पर्यटन विभाग की प्लानिंग की टीम सर्वे करने के पश्चात पर्यटकों के रुकनेए खान.पान और वॉटर स्पोर्ट्स सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में प्लान तैयार करेगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रायपुर की टीम को सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश पर्यटन शाखा प्रभारी को दिए गए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उर्दना नगर वन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों के अच्छे रख.रखाव को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रियए एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी तहसीलदार रायगढ़ शिव कुमार डनसेना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धरमजयगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज धरमजयगढ़ जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में तीर्थ यात्रियों को भेजा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सरकार एवं जनपद उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी मदन साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरतलाल साहू, उप अभियंता धरमलाल सीदार, हेमंत साव उपस्थित थे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत इस बार मथुरा और वृंदावन का दर्शन कराएगी। इस यात्रा में विकासखंड के पचास से अधिक यात्री शामिल हैं।

### प्लेसमेंट कैंप में 15 अभ्यर्थियों का चयन



**रायगढ़।** योग्य अभ्यर्थियों युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार आज प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन किया गया। जिसमें केसर अर्थ साल्यूशन केसर टॉवर रायपुर तथा ओम ऑटोमोबाइल्स प्राण्लिमिटेड में रिक्त विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए साक्षात्कार लिया गया। जिसमें कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार के लिए शासकीय आईटीआई रायगढ़, नवीन आदर्श, अग्रसेन, शासकीय आईटीआई पुसौर, सरिया, लैलूंगा एवं सारंगढ़ के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए थे।

# माफिया ने कौड़ियों के दाम खरीदी केलो विहार समिति की जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले में भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सरकारी जमीनों की खरीदी बिक्री में भी बाज नहीं आ रहे। मामला शहर के केलो विहार इलाके का है जहां लगभग 3 एकड़ की शासकीय भूमि को पहले एक व्यक्ति के नाम पर नामांतरण किया गया और फिर उसे एक भूमाफिया ने साढे तीन करोड़ में खरीदी भी कर ली। खास बात यह है कि उक्त जमीन सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के लिए बनी हाउसिंग सोसायटी केलो विहार को आवंटित थी। मामला उजागर होने के बाद समिति ने एसडीएम कोर्ट में शिकायत की है।

**खास बातें**

- शासकीय कर्मचारियों के आवास के लिए केलो विहार समिति को आबंटित थी जमीन



कलेक्ट्रेट सहित सरकारी दफ्तरों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के लिए 1990 में केलो विहार समिति का गठन किया गया था। इस दौरान समिति को हाउसिंग सोसायटी के नाम पर लगभग 30 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। कलेक्ट्रेट से लगी इसी जमीन पर भू माफियाओं की नजर पड़ गई। माफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी से साठ गांठ कर समिति को आबंटित खसरा नंबर 2,3 की लगभग तीन एकड़ 84 डिसमिल जमीन को पहले बहादुर सिंह नामक व्यक्ति के नाम पर नामांतरण कर दिया। इसके बाद इस जमीन को एक कालोनाइजर को साढ़े तीन करोड़ में बेच दिया गया। समिति को जब मामले की जानकारी हुई तो समिति ने एसडीएम कोर्ट में मामले की शिकायत की है। समिति का कहना है कि समिति को 1990 में ही यह जमीन हाउसिंग सोसायटी के नाम पर आवंटित की गई थी। जब जमीन सरकारी है तो उसे विक्रय कैसे किया जा सकता है। समिति ने मामले में रजिस्ट्री निरस्त कर संबंधित अधिकारी और कालोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**शिकायत के बाद शुरू हुई जांच**

इधर मामले में शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने जांच शुरू कर दी है। मामले में एसडीएम का कहना है कि उन्हें किलो विहार समिति की ओर से जमीन के फर्जी नामांतरण की शिकायत मिली है। इस मामले में दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। अगर नामांतरण गलत पाया गया तो उसे तत्काल निरस्त किया जाएगा।

**होगी कार्रवाई**

केलो विहार समिति की जमीन पर शिकायत के बाद जांच चल रही है। जांच अब पूर्णता की ओर है। बहुत जल्द जांच पूर्ण होगी और इसमें कार्रवाई भी की जाएगी।

प्रवीण तिवारी
एसडीएम,रायगढ़

## किसान सम्मान निधि की रिकवरी में कृषि विभाग का छूट रहा पसीना

# 55 हजार अपात्र किसानों के खातों में डाली गई है सम्मान निधि, जांच के बाद सिर्फ 5 सौ किसानों से वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले में किसान सम्मान निधि की राशि की रिकवरी में कृषि विभाग के पसीने छूट रहे हैं। योजना के तहत पूर्ववर्ती सरकार में कृषि विभाग ने 55 हजार से अधिक पात्र किसानों को सम्मान निधि की राशि का भुगतान कर दिया था। केंद्र सरकार की आपत्ति के बाद शासन ने राशि की रिकवरी के निर्देश दिए थे, लेकिन 3 सालों में कृषि विभाग पांच सौ किसानों ने सिर्फ 30 लाख रुपए ही वसूल पाया है।

दरअसल केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6000 रुपया सालाना राशि मिलती है। पूर्ववर्ती सरकार में जिले में लगभग 1 लाख 42 हजार से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिया जा रहा था। दो साल पहले केंद्र सरकार ने जब सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का केवाईसी अनिवार्य किया तो लगभग 44 हजार किसान अपात्र पाए गए। इन किसानों को लगभग 44 करोड़ रुपए की सम्मान निधि की राशि का भुगतान किया गया था।

केंद्र के निर्देशानुसार इन किसानों से सम्मान निधि की राशि वापस लेनी थी। कृषि विभाग ने शुरुआती दौर में इसके लिए अभियान भी चलाया, लेकिन योजना ठंडे बस्ते में चली गई। जानकर हैरत होगी कि विभाग ने लगभग 500 किसानों से सिर्फ 30 लाख रुपए की ही रिकवरी की है। मामले को लेकर अब विभागीय कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।




**राजस्व का जिम्मा**

केंद्र के निर्देश के बाद केवाईसी अपडेट की गई जिसमें 90 हजार किस पात्र पाए गए हैं। पात्र किसानों को योजना का लाभ मिल रहा है। अपात्र किसानों से राशि की रिकवरी के निर्देश मिले थे जिसके बाद विभागीय स्तर पर कुछ रिकवरी की गई। बाद में रिकवरी का जिम्मा राजस्व विभाग को सौंप दिया गया है।

-अनिल वर्मा
उप संचालक कृषि

**किन किसानों को नहीं मिलता फायदा**

इस योजना के तहत ऐसे किसान जो इनकम टैक्स देते हैं या फिर किसी संवैधानिक पद पर हैं, उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल सकता। इसके अलावा जिसके नाम पर जमीन नहीं है, उसे भी इस योजना का लाभ नहीं मिलता। लेकिन रायगढ़ जिले में ऐसे अनेक किसान हैं जो इस कैटेगरी में आते हैं, बावजूद इसके उन्हें किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलता है।

**कृषि विभाग ने जांच नहीं की**

केंद्र सरकार किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना संचालित कर रही है। इस योजना के तहत किसानों को 6 हजार रुपए हर साल दिए जाते हैं। इस योजना के लिए कुछ किसानों ने खुद से ऑनलाइन पंजीयन किया था, जबकि कुछ ने दलालों के जरिए रजिस्ट्रेशन कराया था। कृषि विभाग ने बिना जांच के किसानों के बैंक खातों में योजना की राशि जमा करा दी थी।

**ऐसे हुआ खुलासा**

खातों में पैसे भेज दिए जाने के बाद जब किसानों के आधार कार्ड और ऋण पुस्तिका का भुइयां सॉफ्टवेयर से मिलान किया गया तो गड़बड़ी का मामला उजागर हो गया। जांच में पता चला कि जिले में हजारों किसान इस योजना के लिए अपात्र हैं और उनके खातों में पैसे भेज दिए गए हैं। लिहाजा अब विभाग राशि वसूलने में जुटा हुआ है।

### विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हेतु समय-सीमा निर्धारित

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का ऑनलाईन भुगतान वर्ष में एक बार जनवरी से मार्च के मध्य किया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2025-26 में नवीनीकरण एवं नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित किया गया है। जिसमें नवीनीकरण हेतु आवेदन की तिथि 31 मई 2025, 31 अगस्त 2025 तक एवं 30 नवम्बर 2025 तक निर्धारित है। इसी तरह नवीन हेतु 31 अगस्त 2025 तक, 30 सितम्बर 2025 तथा 30 नवम्बर 2025 तक निर्धारित है।

# पत्नी की हत्या के बाद गड्ढे में छिपाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

- आरोपी पति और ईट भट्ठा मालिक का बेटा गिरफ्तार

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलखिया में ईट भट्ठे में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने उसके पति और ईट भट्ठे के मालिक के बेटे को हत्या आरोप में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि महिला की हत्या उसके पति ने ही की थी और इसे हादसा दिखाने के लिए शव को ईट भट्ठे में छिपा दिया था।

गौरतलब है कि ग्राम सलखिया स्थित ठिर्रीमुड़ा ईंट भट्ठा में महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के पर उप निरीक्षक इगेश्वर यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे । मौके पर जांच के दौरान मृतका की पहचान शारदा माझी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम घियारमुड़ा के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया कि मृतका अपने पति बिसाहू माझी के साथ डेढ़ माह से ईंट भट्ठा में काम कर रही थी और वहीं रहती थी। इस हादसे के बाद उसका पति यह दावा करता रहा कि उसकी पत्नी की मौत गड्ढे में गिरने की वजह से हुई है। किंतु शव व घटनास्थल के निरीक्षण पर मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। प्रथम दृष्टया पुलिस ने हत्या का मामला मानते हुए सघन जांच शुरू की। पूछताछ में पता चला कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। जिसके आधार पर पति बिसाहू माझी से सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पैसे को लेकर हुए विवाद में उसने अपनी पत्नी से पहले मारपीट की और उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके बाद शव को ईंट के गड्ढे में डाल दिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने घटना की जानकारी भट्ठा मालिक शकर बंजारा के बेटे उमेश बंजारा उम्र 27 साल को दी थी, जिसने पुलिस को सूचना न देकर साक्ष्य छिपाने की कोशिश की। इस पर उमेश बंजारा के विरुद्ध धारा 239 के तहत अपराध जोड़ा गया है। इस मामले में आरोपियो के खिलाफ धारा 103(1), 238, 239 के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



# देशी कट्टा, बंदूक व जिंदा कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

- आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ट्रांसपोर्टनगर इलाके से दो बदमाश को देशी कट्टा, बंदूक और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी की बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, किंतु इससे पहले ही वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर शाम को मुखबीर से जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव को सूचना मिली कि दो युवक अवैध हथियार रखे हुए हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची और दोनों आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें पकड़ा गया और उनकी तलाशी ली गई। तलाशी और पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम मिथलेश महतो और नितेश राय निवासी सहदेवपाली बताया। तलाशी लेने पर आरोपी मिथलेश महतो से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस तथा नितेश राय पिता वृंदालाल राय उम्र 28 वर्ष निवासी टिकरापारा सहदेवपाली निशानदेही पर एक बैरल वाली बंदूक जब्त की गई। जिसके बाद आरोपियों को हथियार समेत गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जब आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड खंगाले गए तो पुलिस को ज्ञात हुआ कि मिथलेश महतो पिता स्व. फुलेना महतो उम्र 33 वर्ष निवासी टिकरापारा सहदेवपाली पूर्व मे हत्या, आगजनी और अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी रहा चुका है। वहीं इस पर द्वारा समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। आरोपियों के अन्य जिलों में भी अपराध करने तथा अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की कड़ियों को खंगाली जा रही हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों ही आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## प्रबंधन की अनदेखी से इच्छुक छात्रों के सपनों पर फिर रहा पानी

# नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी में पीएचडी की राह कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहीद नंदकुमार विश्वविद्यालय से पीएचडी करने की मंशा रखने वालों की इच्छा पूरी नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर यहां कॉलेजों को ही शोध केंद्र बना दिया गया है। स्थिति यह है कि विश्वविद्यालय में शोधार्थियों के लिए गाइड की नियुक्ति तो कर दी गई है लेकिन अन्य सुविधाओं का विकास नहीं हुआ। नतीजा, शोधार्थियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी को अस्तित्व में आए करीब चार साल हो गए हैं। लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी यहां आधारभूत संरचना और शैक्षणिक गतिविधियों में कोई खास विकास नहीं हुआ। स्थिति यह है कि कहने को यूनिवर्सिटी तो चल रही है, लेकिन सुविधाएं बदहाल है। विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों में संचालित नियमित कोर्स स्नातक, स्नातकोत्तर तो चल रहे हैं, लेकिन पीएचडी करने के इच्छुक नए विद्यार्थियों या प्रोफेसरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी के तहत आने वाले कॉलेजों के प्रोफेसर को भी पीएचडी की डिग्री नहीं मिल पा रही है।



**इंक्रीमेंट और पदोन्नति पर असर**

नेट और स्लेट पास शोधार्थी का तो पीएचडी के लिए सीधा रजिस्ट्रेशन होता है, लेकिन डायरेक्ट पीएचडी करने वालों को प्री टेस्ट देना पड़ता है, वह भी विश्वविद्यालय नहीं ले पा रहा है। जिनकी भर्ती असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुई हैए उन्हें प्रोफेसर बनने के लिए भी पीएचडी जरूरी है। दूसरी ओर पीएचडी के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर बनने वालों को जहां 5 इंक्रीमेंट मिलता है वहीं प्रोफेसर बनने के बाद पीएचडी करने वालों को 3 इंक्रीमेंट ही नसीब हो पाता है।

**136 कॉलेज के विद्यार्थियों को इंतजार**

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के तहत रायगढ़ के साथ सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती और जांजगीर चांपा सहित चार जिलों के करीब 136 कॉलेज आते हैं। इन कॉलेजों में एक लाख से अधिक विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि पीएचडी की सुविधा होने से शोधार्थियों की संख्या बढ़ सकती है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से बंटवारे के समय इस विश्वविद्यालय को 6 शोधार्थी मिले थे जिनकी थीसिस आजतक पूरी नहीं हो पाई है।

**शोधार्थियों की कमी**

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अटल बिहारी विवि से संबद्ध शोध केंद्रों को यथावत रखा है। साथ ही वहां से तय किए गए 21 गाइड को मान्यता दिया गया है। खुद विश्वविद्यालय ने 24 और गाइड बनाए हैं और कई नए शोध केंद्र खोले हैं। लेकिन इन केंद्रों व गाइड के पास कोई शोधार्थी नहीं हैं।

### लूटपाट के मामले में 3 गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन मार्ग पर युवक से मारपीट कर नकदी व मोबाइल की लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो के पास से लूटे गए नगद पैसे, मोबाइल व 2 मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल की शाम को दिगम्बर एक्का उम्र 20 वर्ष निवासी बैस्कीमुड़ा लैलूंगा, अपने साथियों सचिन मिंज और राकेश मिंज के साथ कलकत्ता जाने के लिए रायगढ़ आया था। तीनों बस से उतरकर पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी शाम करीब 5.30 बजे बड़पारा शराब भट्ठी के पास एक बाइक पर बैठे युवकों ने गाली-गलौच करते हुए दिगम्बर के जेब से 1 हजार 200 रुपए और मोबाइल लूट लिया और मारपीट कर फरार हो गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान बड़पारा शराब भट्ठी के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद संदिग्धों की पहचान की गई और दो आरोपियों अनिकेत रत्ना उर्फ टाका पिता गणपति रत्ना उम्र 24 साल और जैकी खान पिता फिरोज खान उम्र 23 साल निवासी ढिमरापुर को हिरासत में लेकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पहचान करवाई गई। पूछताछ में दोनों ने अपने एक अन्य साथी छोटू राजपूत उर्फ अजय के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसी बीच पुलिस ने धरपकड़ में आरोपी छोटू राजपूत उर्फ अजय पिता शौकीलाल राजपूत सिंह उम्र 24 साल निवासी अटल आवास खरसिया को भी पकड़ा। जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई रकम में से 400 रुपए मोबाइल, 2 बाइक बरामद की। तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

02-May -RAIGARH-pg-2_Layout 1 5/2/2025 9:11 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टेनिस प्रतियोगिता

**रायगढ़।** स्थानीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में द लॉन टेनिस अकैडमी द्वारा आयोजित टेनिस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण अंचल के चिकित्सक डॉ राजू अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश जैन व सामाजसेवी अनूप बसंल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सिंगल और डबल्स मिलाकर लगभग 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न वर्ग के एकल मैच में कपीस अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, आर्यवीर गुप्ता, वेदांशी सारस्वत, अनन्या देशमुख विजेता रहे। जबकि तन्मय ओहदार, श्रीयांश अग्रवाल, रुद्रांश अग्रवाल, श्रेयांश जायसवाल, देविता गुरहे, आदया मिश्रा, उपविजेता रहे। इसी तरह डबल्स विजेताओं में कपीस अग्रवाल व अव्यान अग्रवाल, मोहम्मद अनस व पुराण चोपड़ा, प्रिंस अग्रवाल व शिवेष अग्रवाल ने सफलता प्राप्त की।

### विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से बचाने हेल्पलाइन नम्बर जारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के विद्यार्थियों को सलाह एवं काउंसलिंग के लिए हेल्पलाईन नम्बर 14416 एवं 1800 891 4416 का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर किसी प्रकार का तनाव या मानसिक समस्या अनुभव कर रहें हैं तो विद्यार्थीजन एवं अन्य नागरिकगण उक्त हेल्पलाईन से सप्ताह के सातों दिन एवं 24 घण्टे किसी भी समय संपर्क कर इस सुविधा का लाभ ले सकते है। उक्त हेल्प लाईन में जिले के मेटल हेल्थ प्रोफेशनल के साथ राज्य के मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल, मनोचिकित्सक, सायकोलॉजिस्ट, निम्हास प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी, मनोरोग नर्सिंग अधिकारी एवं अन्य प्रोफेशनल के द्वारा अपनी सेवायें दी जा रही हैं।

### डंडे से की पिटाई से आंत फेफड़े में चोट, युवक की मौत

**बतौली।** मामूली विवाद पर बांस के डंडे से की गई मारपीट से घायल युवक की मौत हो गई। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम लैगू निवासी बबलू जुजुर के के भाई नींदु कुजूर का 15 अप्रैल को पड़ोसी युवक राजेश नगेसिया से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान राजेश नगेशिया ने नींदु कुजूर के पेट पर बांस के डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मारपीट से घायल युवक का परिजन द्वारा उपचार कराया गया लेकिन 17 अप्रैल को अचानक नहाते समय गिरकर उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया था। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत का कार फेफड़े, आंत में आई गंभीर चोट को बताया गया। ऐसे में पुलिस ने गाम लैगू निवासी 18 वर्षीय राजेश कुमार आ. सांझु राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि सजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक मेरी क्लारेट, आरक्षक राजेश खलखो, रामदेव, रविनरायण, भगलू राम, आनंद सक्रिय रहे।

### बिना अनुमति बजा रहे थे डीजे, पुलिस ने किया जब्त

**बलरामपुर।** बिना अनुमति डीजे संचालन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त किया है। पुलिस द्वारा मामले में डीजे संचालक समेत कार्रवाई का विरोध कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 29 व 30 अप्रैल की रात लगभग दो बजे जमुआटाड़ में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर डीजे बंद कराया तो कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कार्रवाई का विरोध किया गया।

## एक आरोपी की पहले हो चुकी गिरफ्तारी, दूसरा फरार

# तीन लूट का आरोपी गिरफ्तार बाइक व कट्टा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार हो रही लूट की वारदातों का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने कुख्यात लुटेरा अमेरिकन पैंकरा को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की अपाचे बाइक और देशी कट्टा भी जब्त किया है।



पुलिस गिरफ्त में लूट का आरोपी।

### तीन वारदातें, एक ही पैटर्न

14 अप्रैल को बगीचा थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग लूट की घटनाएं हुईं। मारोल बाजार में व्यापारी प्रकाश गुप्ता से 46,700 व मोबाइल, गुरमाकोना में कंपनी कर्मचारी सतीश यादव से 1,800 रूपए व मोबाइल और सोनक्यारी में एक व्यापारी से 45,000 रूपए की लूट हुई थी। सभी मामलों में तीन युवक अपाचे बाइक से पहुंचते और कट्टा दिखाकर वारदात को अंजाम देते थे।

### मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी पकड़ा गया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमेरिकन पैंकरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने सभी वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की और अपने दो साथियों धनेश्वर मिंज व रतन लकड़ा के नाम बताया।

**कोरबा में भी लूट, एक साथी पहले ही पकड़ा जा चुका** अमेरिकन ने बताया कि 24 अप्रैल को कोरबा के अमलडीहा में भी साप्ताहिक बाजार में लूट की थी। उस मामले में साथी धनेश्वर मिंज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरा आरोपी रतन लकड़ा फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**शादी और शॉपिंग में उड़ाया लूट का पैसा** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लूट की रकम शादी, शॉपिंग और घरेलू खर्चों में उड़ा दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**तीसरा आरोपी जल्द गिरफ्तार होगा** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि तीनों मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरे आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## पत्थलगांव में मसाला फैक्ट्री से 60 हजार की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव के तिलडेगा स्थित मारुति मसाला फैक्ट्री में हुई 60 हजार रुपए के मसालों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। चोरी गए मसालों की बिक्री से प्राप्त नकदी और कुछ सामान भी बरामद कर लिया गया है।

- चोरी का मसाला खरीदने वाला भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रतीक शर्मा ने 29 अप्रैल को थाना पत्थलगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी,कि 27 और 28 अप्रैल की रात अज्ञात व्यक्ति ने रोशनदान के जरिए फैक्ट्री में घुसकर गरम मसाला चुरा लिया है। मामला दर्ज कर पत्थलगांव पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उमेश यादव (26), निवासी झीमकी (बागबहार) और मोहम्मद सोनू उर्फ टाइगर (40), निवासी सुल्तानगंज (पटना, बिहार) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने चोरी की बात कबूल की।



पुलिस गिरफ्त में दोनों आरोपी।

### मोटरसाइकिल, इलायची व नकदी जब्त

आरोपियों से घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक, 4 पैकेट इलायची और 2000 रुपये नकद जब्त किए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि चोरी का सामान सुरेश प्रधान नामक व्यक्ति को बेचा गया था। पुलिस ने सुरेश से 7000 रुपये नकद, 100 पैकेट हल्दी और 40 पैकेट मिर्च पाउडर भी जब्त किया है। सुरेश ने चोरी का माल खरीदने की बात स्वीकार कर शपथ पत्र दिया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

मामले की विवेचना में एसडीओपी धुर्वेश कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी विनीत पांडेय, सउनि हरिराम टंडन, प्रआर सुभाष नायक व आरक्षक तुलसी रात्रे की अहम भूमिका रही।

## कन्या महाविद्यालय में किया गया जनमन पत्रिका का वितरण



जनमन पत्रिका के साथ छात्राएं।

**जशपुरनगर।** राजा विजय भूषण देव कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री का शुक्रवार को वितरण किया गया।

- पत्रिका से मिलेगी शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

इन पत्रिकाओं के माध्यम से छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिलेगी। कन्या महाविद्यालय की छात्रा अंजली खलखो, ममता मांझी, संजीता बाई, पूनम बाई, सविता यादव ने कहा कि पत्रिका का अध्ययन सभी छात्रों के लिए लाभदायक है। पत्रिका में ग्रामीणों, किसानों, सहित बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाएं की जानकारी शामिल है। पत्रिकाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी भी मिलती है।

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों किया जा रहा त्वरित निराकरण



प्रकरण के निराकरण की जानकारी देते ग्राम पंचायत कण्डोरा के उप सरपंच।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले के सभी विभागों द्वारा सुशासन तिहार में लोगों से प्राप्त समस्याओं का समाधान और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कण्डोरा में सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत कण्डारो के प्रेमचंद और रामदेव ने व्यक्तिगत शौचालय की मांग किए थे। उनके मांगों का त्वरित निराकरण करते हुए कण्डोरा के उप सरपंच ने आवेदकों के घर जाकर उन्हें व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति पत्र प्रदान किए हैं। विदित हो कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली शासन द्वारा 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक की अवधि में सुशासन तिहार 2025 संचालित किया गया। जिसके अन्तर्गत जनता की समस्याओं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं विकास कार्या की गति तथा आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित हुआ। इस दौरान पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये गये हैं। आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का द्वितीय चरण में एक माह के अन्दर निराकरण किया जा रहा है तथा तीसरे चरण 5 से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जहां प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही से लोगों को अवगत कराया जाएगा।



## कार की टक्कर से स्कूटी सवार ग्रामीण की मौत, एक गंभीर

**बलरामपुर।** एनएच 343 पर बीती रात कार की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई। डूमरखी के समीप हुई घटना में ग्रामीण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक अन्य गेअमीन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को अस्पताल भेजा गया इसके साथ ही मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि जिले के ग्राम तरका खांड निवासी 50 वर्षीय सोमरा आ. बैजनाथ कोडाकु अपने साथी राजकुमार आ. शिव नाथ बुधवार को नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए हुए थे। साप्ताहिक बाजार में काम करने के बाद दोनों स्कूटी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 343 पर डूमरखी ढाबा और बलरामपुर के बीच जंगल में कार क्रमांक सीजी 15 बी 8451 के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि स्कूटी सवार ग्रामीण सड़क पर गिर गए। इस घटना में सोमरा कोड़ाकू की मौके पर मौत हो गई जबकि राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके साथ ही शव को मर्च्युरी में रखवाया गया।

## आयोग अध्यक्ष ने सारंगढ़ कलेक्ट्रेट कार्यालय में ली बैठक

## गोबर के छिड़काव से उपजाउ होगी जमीन : गौसेवा आयोग अध्यक्ष

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल के सारंगढ़ प्रवास के दौरान उनके मुख्य आतिथ्य में कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष ने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। गाय चलता फिरता रसायन है।

ग्रहण के समय हमारे पूर्वज गर्भवती महिलाओं के पेट में लेप लगा देते थे जिससे ग्रहण का रेडिएशन गर्भ में पल रहे शिशु के ऊपर प्रभाव नहीं करता था जिसे विज्ञान ने भी सही माना है। इस प्रकार देखें तो गोबर में रेडिएशन को कम करने की ताकत है। रूस और अमेरिका जैसे देश में गोबर का टैंक बनाकर उसमें चिकित्सा उपचार किया जा रहा है जिससे बीपी शुगर आदि कम हुए हैं। गाय को कामधेनु कहा जाता है जिसके रोम रोम से निकलने वाले ऑक्सीजन वेरीफाई ऑक्सीजन है, कोरोना काल में जितने भी गौ सेवक और पशुपालक, जो गाय के संपर्क में रहे हैं उनको कोरोना की बीमारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग के बिना गाय की समुचित सेवा और संरक्षण संभव नहीं है। गोबर में जितनी बैक्टीरिया है उतना विश्व में बैक्टीरिया है। इसी प्रकार गोबर से प्राकृतिक खेती की जाए तो जमीन विषाक्त से उपजाऊ हो जाएगा। नीम के पत्ते आदि को खाद बनाकर खेत में उपयोग किया जा सकता है जिससे विषाक्त कीट खेत से भाग जाएंगे। गाय में प्रकृति को संतुलन करने की शक्ति है।



### अध्यक्ष को दिए गए सुझाव

गौसेवा आयोग अध्यक्ष के द्वारा सुझाव मांगे जाने पर उपस्थित नागरिकों ने सुझाव दिए कि खेत में आग न लगाई जाए। इससे गाय सहित अन्य पशु का अन्य प्राणियों का भोजन नष्ट होता है। ऐसे आग लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर की जाए। इसी तरह सड़क किनारे पेट्रोल पंप या दुकानों में बैठने पर गाय को भगाया ना जाए, यदि भगाया जाता है और गाय सड़क पर बैठते हैं, दुर्भाग्य से दुर्घटना होता है तो उस दुकानदार या पेट्रोल पंप के विरुद्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करने के सुझाव दिए गए।

## रणजीता स्टेडियम के समीप लगाया गया प्याऊ




**जशपुरनगर।** भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनमानस को लू एवं गर्मी से बचाने जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं विपिन किशोर लकड़ा जिला सेनानी के नेतृत्व में शहर के हृदय स्थल रणजीता स्टेडियम के समीप नगर सेना विभाग द्वारा प्याऊ लगाया गया है। जहां आमजन हेतु शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। श्री लकड़ा द्वारा इस प्याऊ के माध्यम से सभी लोगों को गर्मी से बचने हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की अपील की है।

## वाहन चेकिंग के दौरान अब हर गतिविधि होगी कैमरे में रिकॉर्ड

# ट्रैफिक पुलिस अब बॉडी वार्न कैमरे से करेगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ट्रैफिक पुलिस पहनेगी बॉडी वार्न कैमरा वाहन चेकिंग के दौरान समस्त गतिविधियों को कैमरे में रिकॉर्ड किया जाएगा। वाहन चेकिंग के दौरान पारदर्शिता लाने एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस को बॉडी वार्न कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं।

- एसएसपी ने जारी किया आदेश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने यातायात पुलिस को निर्देश दिया है कि वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी व जवानों को बॉडी वार्न कैमरा लगाना आवश्यक है, जिससे कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस व आम जनता के मध्य पारदर्शिता लाई जा सके।



वाहन चेकिंग करते पुलिस।

**वाहन चेकिंग के दौरान पारदर्शिता लाने निर्देश:** मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पारदर्शिता लाने ट्रैफिक पुलिस को बॉडी वार्न कैमरा लगाने निर्देशित किया गया है।

### वाहन चेकिंग की कार्रवाई में पारदर्शिता आएगी

प्रायः देखने में आता है कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस व आम जनता के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मामले की वस्तुस्थिति की स्पष्टता के संबंध में संशय की स्थिति बनी रहती है। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस के द्वारा बॉडी वार्न कैमरा लगाए रहने पर हर गतिविधि कैमरा में रिकॉर्ड होती रहेगी, जिससे वाहन चेकिंग की कार्रवाई में पारदर्शिता आएगी व आवश्यकता पड़ने पर कैमरे में रिकॉर्ड वीडियो फुटेज को देखकर मामले की वस्तुस्थिति स्पष्ट की जा सकती है।

## प्रतिमाह 8 से 9 हजार तक कर रही कमाई

## तारा बाई स्व सहायता समूह से बनी आत्मनिर्भर


**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्व सहायता समूह में महिलाओं को जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। जिले की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समूह के रूप में विकसित करके रोजगामूलक कार्य के लिए विभिन्न प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने स्वयं की व्यवसाय कर रही है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कांसाबेल के छोटे से ग्राम चिड़ोरा की रहने वाली है तारा बाई प्रज्ञा स्व सहायता समूह से जुड़ी कर आत्मनिर्भर बन गई है। समूह सहेली ग्राम संगठन से जुड़कर तारा बाई ने बीसी सखी का काम शुरू किया। चिड़ोरा ग्राम मुख्य मार्ग से जुडे.नहीं होने के कारण विभागीय लेन देन हेतु ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था, किन्तु तारा बाई बिहान योजना से जुड़कर ग्रामीणों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुँचाकर गांवो के लिए सच्ची सखी साबित हुई हैं। गांव वालों को बैंक के हर छोटे बडे. काम के लिए अब कांसाबेल स्थित बैंक नहीं जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही वह स्वंय भी आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। तारा बाई के माध्यम से गांवो में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, स्वयं सहायता समूह की राशि का लेन-देन एवं अन्य बैंकिंग कार्य किए जाते हैं। तारा बाई का कहना है कि प्रतिमाह 50-60 लाख रूपए का लेन-देन कर चुकी है। तारा बाई 8 से 9 हजार रूपये तक की आय प्राप्त हो जाता है। इससे वह अपने परिवार की तमाम जरूरतें पूरा करने में भरपूर मदद करती है।



2-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/2/2025 7:43 PM Page 1





## विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

**मुंबई।** अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायतः ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी।

लाइफ Style

# सायली

## मां का प्रेम सीमाओं से परे...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी शो वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे का कहना है कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है और वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। सोनी सब का शो वीर हनुमान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो बाल मारुति के असाधारण रूपांतरण की कहानी है।

आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक मोड़ देखेंगे, जब अंजनी निःस्वार्थ भाव से अपनी आत्मा पाताल काली को समर्पित कर देती हैं। सिर्फ अपने पुत्र को उसके वास्तविक रूप में लौटाने के लिए। वह इसके लिए अपना जीवन त्यागने को तैयार हो जाती है। जब भगवान हनुमान को इस बलिदान का ज्ञात होता है, वे पाताल लोक की ओर प्रस्थान करते हैं, राक्षसों से भीषण युद्ध करते हैं, जिससे अपनी मां को बचा सकें। शो में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है। 'वीर हनुमान' सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे केवल सोनी सब पर प्रसारित होता है। वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। जैसे अंजनी अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार थीं, वैसे ही हर मां में वह शक्ति होती है कि वह किस्मत को चुनौती दे, असंभव को संभव बनाए और अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सके। अंजनी ने अनजाने भविष्य की ओर कदम बढ़ाया, और उसी तरह हर मां अपने बच्चे के लिए असाधारण साहस की शक्ति पा लेती है। यही मां के प्रेम की ताकत है। वह भाग्य को मात देता है और त्याग व साहस की अपनी कहानी खुद लिखता है।




हॉलीवुड मसाला



## एयरिन ने खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



## गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी

**लॉस एंजिल्स।** साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।'



## मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।



## अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

टीवी मसाला



## रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

### सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया, तब उन्हें अपनी मेहनत का असली फल मिला।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

## 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपत्ति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

### हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

***दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :*** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

## बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

### वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

### मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

### अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

## जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक

*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी। फिल्म का बजट महज 39 करोड़ रुपये था और इसने भारत में 105.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 100 करोड़ी बनी इस फिल्म के गाने भी लोगों को खूब पसंद आए थे। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धाथ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंडे का रहा।

02-May -RAIGARH-Bhoomi-pg-04_Layout 1 5/2/2025 9:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### अवकाश में संपर्क जारी रखेंगे शिक्षक पंडा

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में अपनी प्रबंधन व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए समय से पूर्व पुरानी एवं नई पुस्तकों के सम्मिश्रण को अपने नन्हे छात्राओं के हाथों विद्यालय के पट बंद होने से पूर्व सौंपते हुए एक पहल की है। छात्राओं एवं पालकों से अनुरोध किया गया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश का वे समय नियोजन कर सदुपयोग करें। प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा ने भाषाई गणितीय दक्षता को मजबूत करने छात्राओं को मार्गदर्शन दिया। प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षण सत्र के दौरान नई पुस्तकें छात्राओं को प्रदान की जाती है। छात्राओं को परीक्षा परिणाम पश्चात कक्षोन्नति कर पुरानी पुस्तकें विद्यालय द्वारा जमा कर विद्यालय बंद होने से पूर्व पात्रता युक्त विद्यार्थी को पुस्तकें प्रदान कर दी गई ताकि वे घरों में इसका अवकाश के दिनों में सदुपयोग कर अभ्यास कर सकें। शिक्षक विजय पंडा ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में पालकों से संपर्क करते हुए छात्राओं के शैक्षणिक हित में उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार की शिक्षक की स्वस्फूर्त शैक्षणिक प्रयासों से उचित परिणाम मिलेंगे।

### दुकान के सामने खड़ी कार से टायर की चोरी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में दुकान के सामने खड़ी कार से दो टायर चोरी चले जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त मामला छाल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक नवापारा के रहने वाला गौतम वर्मा ने छाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रोजाना की भांति 29 अप्रैल को वह अपनी हुंडई क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 एफजी 3390 को अपनी ज्वेलर्स दुकान के सामने बने सेड में खड़ी किया था। 30 अप्रैल की सुबह साढ़े 6 बजे जब वह उठा तो देखा तो कार के बाएं साइड का दो चक्का नही था, अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कार के दो टायर की चोरी कर ली गई थी। जिसकी कीमत करीब 30 हजार रूपए के आसपास है।

### कलेक्टर ने पीपीटी परीक्षा का अवलोकन किया

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय कालेज में चल रहे प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों के बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जिला मुख्यालय में पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय कालेज को प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट पीपीटी 2025 का परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जिसमें 286 परीक्षार्थियों में से 139 उपस्थित और 147 अनुपस्थित थे। निरीक्षण में जिले के व्यापम नोडल अधिकारी अनिकेत साहू, सहायक नोडल अधिकारी नरेश चौहान सहित उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी उपस्थित थे।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया,
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र. ब – 121 वर्ष 2024–25
ग्राम जामपाली प.ह.नं. 09 रा.नि.मं
गोबरसिंघा तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख हैं कि आवेदक अलेखराम पिता कन्हाई निवासी बघनपुर तहसील बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने बहन उर्कुलि का मृत्यु दिनांक 10.01.2008 (शब्दों में दस जनवरी दो हजार आठ) को ग्राम जामपाली में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 09.05.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सरिया

## सर्कुलेटिंग एरिया में पार्किंग शुल्क तो दूसरी तरफ आरपीएफ चला रहा अभियान

# रेलवे स्टेशन के क्षेत्र में ठेकेदार के गुर्गे कर रहे अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन अवैध पार्किंग पर जहां आरपीएफ अभियान चला कर कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सर्कुलेटिंग एरिया में पार्किंग करने पर शुल्क भी लिया जा रहा है। ऐसे में रेलवे स्टेशन आने वाले लोगों को दोहरी मार पड़ रही है। अहम बात यह है कि यहां ड्रॉप एण्ड गो सिस्टम का भी पालन होता नजर नहीं आ रहा है। इस अस्त व्यस्त पार्किंग की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।

बता दें कि अमृत मिशन के तहत चलने वाले काम की वजह से रेलवे स्टेशन में ड्रॉप एण्ड गो का पालन नहीं हो पा रहा है। क्योंकि वाहन को रखने की पर्याप्त व्यवस्था अब तक नहीं हो सकी है। हालांकि बीते कुछ माह पहले निर्माण कार्य को देखते हुए ही सर्कुलेटिंग एरिया के कुछ जगह पर मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर शुल्क से राहत देने की बात कही गई थी, यह राहत निर्माण कार्यों के तहत लोगों को होने वाले परेशानियों को देखते हुए दी गई थी। किंतु अब तक निर्माण कार्य के पूरा नहीं होने के कारण एक ओर जहां अपने परिजनों व दोस्तों को रेलवे स्टेशन छोड़ने आने वाले लोगों को ड्रॉप एण्ड गो सिस्टम का लाभ नहीं मिल रहा है तो वहीं बाइक सर्कुलेटिंग एरिया में पार्क करने पर शुल्क लिया जा रहा है। इसके साथ ही अवैध पार्किंग को लेकर आरपीएफ भी लगातार अभियान चलाते हुए बीते 4 माह में 158 मामले रेलवे अधिनियम की धारा 159 के तहत बना चुकी है।



रेलवे स्टेशन का सर्कुलेटिंग एरिया।

**हो रही कार्रवाई**

रेलवे स्टेशन मे अवैध पार्किंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध पार्किंग करने वालों पर चलानी कार्रवाई की जा रही है। बीते चार माह में 158 मामलों में चलानी कार्रवाई की गई है।

**कुलदीप कुमार**
**प्रभारी, आरपीएफ पोस्ट रायगढ़**

**जगह की कमी**

मोटरसाइकिल पार्किंग के लिए स्टैण्ड में जगह की कमी नहीं है, किंतु इसके बाद भी लोग सर्कुलेटिंग एरिया में पार्क करते हैं।

**अनिल द्विवेदी**
**पार्किंग कान्ट्रैक्टर**

**बाइक स्टैण्ड भी रहती है खाली**

अहम बात यह है कि अब मोटरसाइकिल स्टैण्ड का निर्माण पूरा हो चुका है और यहां मोटरसाइकिलें भी रखी जा रही हैं। बता दें कि पहले के मुकाबले इसका क्षेत्र बढ़ा है, किंतु जगह खाली रहने के बाद भी वहां पार्किंग न करते हुए सर्कुलेटिंग एरिया में पार्किंग की जाती है। जिसकी वजह से हर रोज जाम लगता है।

**अस्त-व्यस्त पार्किंग का समाधान नहीं**

अहम बात यह है कि रेलवे स्टेशन में पार्किंग एक बड़ी समस्या रही हैं। हर बार इसका समाधान निकालने का प्रयास किया जाता है, किंतु कुछ ही दिन व्यवस्था सही रहती है। जिसके बाद पहले जैसी स्थिति देखने को मिलती है। बता दें कि सर्कुलेटिग एरिया में पार्किंग केवल ड्रॉप एण्ड गो के लिए होता है, जिसमें महज 15 मिनट ही मिलते हैं, ताकि लोग अपने परिजनों को रेलवे स्टेशन के भीतर छोड़ सके।



## धरमजयगढ़ में किसान नेता नरेश टिकैत का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा देश के 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई, जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय एवं देश की एकता और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है।

इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की, जिसकी सराहना न केवल देशवासियों ने, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी की जा रही है। किन्तु, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता ऐसे राष्ट्रहितकारी निर्णयों का विरोध कर रहे हैं। कथित किसान नेता नरेश टिकैत का यह बयान कि श्भारत और पाकिस्तान के किसान एक हैं, अतः सिंधु जल समझौता रद्द नहीं होना चाहिए, न केवल देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है। इस बयान के विरोध स्वरूप भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल के नेतृत्व में पूरे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खाकर, देश के विरोध में बयान देते हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। पूर्व में भी इन्होने किसान आंदोलन के नाम पर लाल किले की प्राचीर पर हुड़दंग मचाकर राष्ट्र को अपमानित करने का कृत्य किया गया था।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश चैननी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सरकार, उपाध्यक्ष जगन्नाथ यादव,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशु शशि पटेल, जगदीश सरकार, मुकेश हलदार, रामप्रसाद ढीमर, मोती बेहरा, हितेश आदित्य, नीरज विश्वास, सुरेश राठिया, महावीर बैरागी, गोविंद दास महंत, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## घरघोड़ा में श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ का समापन



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन 24 अप्रैल से प्रारंभ होकर 1 मई तक चला, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और भक्ति की अमृत वर्षा का लाभ लिया। अंतिम दिन विशेष यज्ञ, भंडारा और आचार्य दीपक महाराज का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भागवताचार्य आचार्य दीपक जी महाराज ने जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों और श्रीकृष्ण लीला की विभिन्न कथाओं का रसपान कराते हुए जनसमूह को धर्म, करुणा, प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा में श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाएँ, रास लीला, गोवर्धन पूजा, भगवद्गीता उपदेश और सुदामा चरित्र जैसे प्रमुख प्रसंगों को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। अंतिम दिवस पर हवन पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे। आयोजन समिति द्वारा बड़ी ही व्यवस्था और श्रद्धा के साथ सभी आगंतुकों को भोजन कराया गया। साथ ही, भजन मंडलियों द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आचार्य दीपक महाराज का उनके निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। नगरवासियों ने फूलमालाओं, ढोल नगाड़ों और आरती के साथ उनका अभिनंदन किया। उन्हें शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### चाचा भतीजा को किसान किताब की दूसरी प्रति

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे सुशासन तिहार 2025 के तहत आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ विकासखण्ड के साम्हरसिंघा के चाचा भतीजा अजरदास महंत एवं रामदास द्वारा प्रस्तुत आवेदन की जांच उपरांत निराकरण करते हुए दोनों को किसान किताब की द्वितीय प्रति प्रदाय किया गया। श्री रामदास ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा शुरू की गई सुशासन तिहार लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले सोचे नहीं थे कि इतना जल्दी निराकरण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन पहले अन्य के नाम पर थी। किसान किताब में अपना नाम नहीं होने के कारण खेती.किसानी में परेशानी हो रही थी। सुशासन तिहार में आवेदन के पश्चात उनके नाम से अब किसान किताब प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसान किताब की द्वितीय प्रति मिलने से अब समर्थन मूल्य में धान विक्रयए सोसायटी से खाद लेने एवं खेती.किसानी में अब कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## संजय काम्प्लेक्स में हटाया अतिक्रमण

■ नाले और नालियों के ऊपर व्यापार कर रहे लोगों को हटाया

**रायगढ़।** शहर के एकमात्र दैनिक सब्जी मंडी संजय कॉम्प्लेक्स में लंबे समय से अवैध कब्जा था। बार बार समझाइश के बाद भी यहां के व्यवसायी ने दुकान के बाहर सड़कों तक टीन शेड, तिरपाल और अन्य तरह से अतिक्रमण कर रखा था जिसके कारण सब्जी मंडी में वाहन ओर भीड़ का जमावड़ा लगा रहता है। और यातायात पे प्रभाव पड़ता है साथ नाली के ऊपर अतिक्रमण कर दुकान लगा दिए जाते है जिससे वहां नाली जाम, पानी भरने, गंदगी आदि की समस्या बनी रहती है। हर माह की एक तारीख को नगर निगम की टीम के द्वारा संजय मार्केट में साफ सफाई का कार्य करवाया जाता है। गुरुवार एक मई को कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के साथ एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, अमित शर्मा, आनंद भगत, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, स्वास्थ्य अधिकारी शिव यादव एवं निगम की टीम संजय कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे। मुनादी के बाद जहां कुछ स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया और व्यापारियों को निर्देश दिया गया कि छज्जे और नाली के अंदर ही सामान रखें। बाहर रखने पर मार्ग संकीर्ण हो रहा हैए जिससे आम नागरिकों को आने.जाने में समस्या होती है।

वहीं आज निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय की निगरानी में निगम का अमला संजय कॉम्प्लेक्स से अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो कुछ स्वयं से शेड ओर अतिक्रमण हटा लिए थे परंतु कुछ लोगों ने नहीं हटाया जिसपर आज कार्यवाही कर अतिक्रमण ओर रोड बाधा को हटाने का कार्य किया गया। वहीं कॉम्प्लेक्स की साफ सफाई कर वह के मलबे को जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से हटाया जा रहा।



## एनटीपीसी में मजदूर दिवस पर सम्मानित हुए कामगार

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर कामगारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी द्वारा उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके सहूलियत के लिए एनटीपीसी लारा प्लांट द्वारा उठाए गए कदम के बारे में बताया गया।

वक्तव्य में कहा गया कि औद्योगिक क्रांति के बाद मजदूरों के हित के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाया गया है, और सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ एक समावेशी समाज गठन के दिशा में हम सभी कार्य कर रहे है। श्री कुमार ने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण का आधार बताया और श्रमिकों की मेहनत व अनुशासन को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने भी एनटीपीसी द्वारा संगठित क्षेत्र में मजदूरों के लिए दिये जा रहे सभी सुविधा की जानकारी प्रदान की गई साथ ही अगर किसी को यह सभी सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है तो तुरंत इसकी शिकायत करने के लिए भी आग्रह किया गया। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) रंजन कुमार द्वारा कार्य के दौरान स्वयं की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए कार्य करने की आग्रह किया गया। किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के विपरीत कार्य न करने के लिए सुझाव दिया गया। श्रमिक दिवस के उपलक्ष में वरिष्ठ श्रमिकों को शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फैज तैयब, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, रवि शंकर, महाप्रबंधक परियोजना विभाग स्क्ष्य बड़ी संख्या में श्रमिककों की उपस्थिति रही।

## राहत : जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक बस सेवा शुरू



**सुबह 09.40 बजे मेडिकल कॉलेज से रवाना होगी बस**

मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के सामने बस के खड़े होने का समय प्रातः 09.30 बजे है। यह जिला अस्पताल के लिए प्रातः 09.40 बजे रवाना होगी। यह बस टीवी टॉवर के बस स्टॉप से कलेक्टोरेट के सामने से होते हुए जिला अस्पताल केजीएच 10 बजे पहुंचेगी। पुनः यहां से ये बस सुबह 10.15 बजे छूटकर 10.35 बजे मेडिकल कालेज रायगढ़ पहुंचेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग चिकित्सकीय परामर्श लेने मेडिकल कॉलेज पहुंच सकें। इस बस में मेडिकल कॉलेज का एक स्टाफ भी उपलब्ध रहेगा। यह स्टाफ उन मरीजों का जिनका आभा आईडी नहीं हैं बस में ही जनरेट करने में सहयोग करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालों बाद रायगढ के मरीजों को मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने के लिए राहत मिली है। दरअसल, केजीएच से मेडिकल कॉलेज तक निशुल्क बस चलाई जा रही है। जिससे मरीजों को अतिरिक्त शुल्क से आजादी मिलेगी।

रायगढ़ क्षेत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विशेष मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को लाभ मिल रहा है। इसी दिशा में स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के डीन डॉ विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.एमके मिंज और चिकित्सा प्रबंधन समिति के द्वारा चिकित्सा परामर्श के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की गई है। श्रमिक दिवस के दिन शुरू की गयी यह बस सेवा किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय केजीएच से मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय के लिए रविवार और शासकीय अवकाश छोड़कर प्रत्येक दिवस को चलेगी।

यह बस सेवा पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ.एमके मिंज ने इस संबंध में बताया कि सुबह के वक्त ओपीडी के समय केजीएच जिला हॉस्पिटल से मेडिकल कॉलेज के आऊटर रूट पर होने के कारण लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध नहीं होता है। जबकि मेडिकल कालेज से लौटते समय ऐसी समस्या नहीं रहती है। ऐसे में ओपीडी के समय जरूरतमंद लोगों को प्राइवेट टैक्सी या आटो किराए पर लेना पड़ता है जो आर्थिक रूप से परेशानी भरा होता है। इसकी वजह से इलाज कराने वाले गरीब और श्रमिक लोगों को आर्थिक समस्या उत्पन्न हो रही थी। इन्ही सब बातों को ध्यान में रख कर निःशुल्क बस सेवा के लिए केजीएच को सेंटर पॉइंट बनाया गया है इससे चिकित्सा परामर्श के लिये रेफर मरीज भी इस बस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। शुरूआत में एक फेरा लगा रही बस अभी शुरुआत में निःशुल्क बस सेवा को एक फेरा ट्रिप चलाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि समय के साथ आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप बस का फेरा ट्रिप बढ़ाया जाएगा। बस में आभा क्यू आर भी लगाया गया है जिसमे बस में बैठे बैठे ही टोकन प्राप्त हो जाएगा, इससे मरीज को लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। बल्कि मरीज को हॉस्पिटल के पंजीयन काउण्टर में सिर्फ अपना टोकन नंबर बताना होगा। टोकन नंबर से पंजीयन पर्ची प्राप्त हो जाएगी, जिससे मरीज और उसके परिजनों की समय की बचत होगी।

## तीर्थयात्रियों ने कहा, श्रवण कुमार है साय सरकार

**पुसौर।** छत्तीसगढ़ सरकार के समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नगर पंचायत पुसौर से 9 यात्री तीर्थ यात्रा हेतु चयनित हुए, जिन्हें बीते दिनांक को नगर पंचायत कार्यालय पुसौर द्वारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद ओकेश बेहरा व मंगल साव के उपस्थित में रेल्वे स्टेशन रायगढ़ रवाना किया गया।

जानकारी के मुताबिक उक्त तीर्थयात्रियों की टीम में 2 युगल तथा शेष 1 पुरूष के साथ 4 एकल महिला हैं। उक्त तीर्थयात्री दल में शामिल डिसेंट टेलर के संचालक निलांचल महाणा ने बताया कि गंतव्य स्थल मथुरा वृन्दावन पहुंचते तक किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई, और अभी दर्शन का लाभ ले रहे हैं और आशा नहीं ये विश्वास रख रहे है कि वापसी में भी किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। इस बीच इन्होंने कई तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि वाकई मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत शासन द्वारा सारी सुविधाएं घरेलु माहौल में मिल रही है। ज्ञात हो कि जब रेल्वे स्टेशन से सभी तिर्थयात्रियों को रवाना किया जा रहा था तो उस समय प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने वरिष्ठ जनों को तीर्थाटन कराने को लेकर अपने सरकार को श्रवण कुमार की भूमिका निभाने की बात कही थी इस तथ्य को उक्त तीर्थयात्रियों ने चरितार्थ होने की हवाला देकर कहा कि जिस सुविधा व सत्कार के साथ सरकार के लोगों द्वारा तीर्थाटन कराया जा रहा है निसंदेह वह श्रवण कुमार ही हो सकता है।

